# 2022

## HINDI

## ( Honours )

Paper : HIN–HC–1026

**( हिन्दी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) आधुनिक हिन्दी गद्य के जनक कौन हैं?

(ख) आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?

(ग) 'प्रेमसागर' के रचयिता कौन हैं?

(घ) भारतेंदु-युग में पद्य की भाषा मुख्यतः क्या थी?

(ङ) मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक काल के किस खण्ड के कवि हैं?

(च) 'हरिऔध' किसका साहित्यिक उपनाम है?

(छ) द्विवेदी-युग की समयसीमा कब से कब तक मानी जाती है?

(ज) 'आधुनिक काल की मीराँ' किसे कहा जाता है?

(झ) निराला की किसी एक काव्य-कृति का नाम लिखिए।

(ञ) जयशंकर प्रसाद का जन्म कब हुआ था?

(ट) प्रगतिवाद का वैचारिक आधार क्या है?

(ठ) 'मुक्तिबोध' का पूरा नाम क्या है?

(ड) 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ था?

(ढ) 'अज्ञेय' का सम्पूर्ण नाम क्या है?

(ण) 'आत्महत्या के विरुद्ध' किसकी रचना है?

(त) भीष्म साहनी के किस पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(थ) खड़ीबोली गद्य के उत्थान में योगदान देनेवाली किसी एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(द) सुमित्रानंदन पंत को किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा सम्पादित दो पत्रिकाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) 'आधुनिकता' का तात्पर्य क्या है?

(ग) गोल्डस्मिथ की रचना *Deserted Village* का हिन्दी अनुवाद किसने और किस नाम से किया था?

(घ) द्विवेदीयुगीन दो कवियों के नाम लिखिए।

(ङ) डॉ० रामकुमार वर्मा ने छायावाद की क्या परिभाषा दी है?

(च) 'झरना' किसकी रचना है और इसका प्रकाशन कब हुआ था?

(छ) सुभद्रा कुमारी चौहान के काव्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ज) धर्मवीर भारती द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) नयी कविता की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ञ) खड़ीबोली गद्य के विकास में योगदान देनेवाले किन्हीं दो आरंभिक लेखकों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) आधुनिक काल की आर्थिक परिस्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ख) भारतेंदु युग को 'पुनर्जागरण काल' क्यों कहा जाता है?

(ग) "भाषा-संस्कार द्विवेदी-युग की एक महत्वपूर्ण विशेषता है।" स्पष्ट कीजिए।

(घ) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्ति 'व्यक्तिवाद की प्रधानता' पर उदाहरण सहित विचार कीजिए।

(ङ) प्रगतिवादी कविता का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(च) शमशेर बहादुर सिंह का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(छ) समकालीन कविता की पाँच विशेषताएं सोदाहरण लिखिए।

(ज) छायावाद-युगीन खड़ीबोली गद्य का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) भारतेंदु-युगीन काव्य-धारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(ख) आधुनिक काल की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति पर प्रकाश डालिए।

(ग) आधुनिक कालीन काव्य-धारा को मैथिलीशरण गुप्त की देन पर विचार कीजिए।

(घ) "छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है।" सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) प्रगतिवादी कवि के रूप में नागार्जुन का परिचय दीजिए।

(च) प्रयोगवादी कविता की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(छ) प्रयोगवाद और नयी कविता के अन्तर्संबंध पर आलोकपात कीजिए।

(ज) धूमिल की काव्यगत विशेषताओं पर विवेचन कीजिए।

(झ) स्वतंत्रता के बाद के खड़ीबोली गद्य के विकास पर सम्यक् लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

(ञ) खड़ीबोली गद्य के विकास में द्विवेदी-युगीन कवियों की भूमिका पर एक लेख लिखिए।

★★★